पीएम इंटर्नशिप योजना पोर्टल आज से शुरू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार पीएम इंटर्न शिप योजना के तहत तीन अक्तूबर से केंद्रीकृत पोर्टल शुरू करने जा रही है। इससे कंपनियां आवेदन आमंत्रित कर सकती हैं।

इच्छुक इंटर्न (प्रशिक्षु) 12 अक्तूबर से इस विशेष पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक इंटर्नशिप पोर्टल स्वचालित तरीके से हरेक पद के लिए उपलब्ध रिक्त स्थानों के एवज में दोगुने आवेदकों का चयन करेगा। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को एक फॉर्म भरना होगा जिसमें उन्हें अपनी रुचि और कौशल की जानकारी देनी होगी। यह पोर्टल आपको बता देगा कि आप किस कंपनी के लिए फिट बैठते हैं और स्वतः ही आपका सीवी तैयार कर दिया जाएगा।

कौन होंगे पात्रः आवेदक माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण हों और उनकी उम्र 21 से 24 वर्ष हो। परिवार की सालाना आय आठ लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आप किसी कोर्स या नौकरी के साथ इंटर्नशिप नहीं कर पाएंगे। हर इंटर्न को महीने में 5000 रुपये का स्टाइपेंड दिया जाएगा। सरकार एक बार में 6000 रुपये भी देगी।